# कार्यालय वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल, अनूपपुर (म0प्र0)

E-mail : dfotanppur@mp.gov.in; Ph. No. (07659) 222038


क्रमांक / मा.चि. / 2023 / 62 अनूपपुर, दिनांक 10/01/2023

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**(भू–प्रबंध)**
**म0प्र0 भोपाल।**

**विषय :–** वन मण्डल अनूपपुर के परिक्षेत्र कोतमा के विभिन्न वन कक्षों के रकवा 314.743 हे. वनभूमि तथा ग्राम फुलकोना, डूमरकछार व भलमुड़ी के विभिन्न खसरों के रकवा 39.515 हे. राजस्व वनभूमि कुल 354.258 हे. वनभूमि में झिरिया वेस्ट ओपन कास्ट पद्धति से कोयला उत्खनन के व्यपवर्तन। (Proposal number- FP/MP/MIN/39881/2019)

**संदर्भ :–** 1– आपका पत्र क्रमांक / एफ–1 / FP/MP/MIN/39881/2019/55 दिनांक 04.01.2023
2– महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र का पत्र क्रमांक / 29 दिनांक 10.01.2023

––o0o––

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि वन मण्डल अनूपपुर के परिक्षेत्र कोतमा के विभिन्न वन कक्षों के रकवा 314.743 हे. वनभूमि तथा ग्राम फुलकोना, डूमरकछार व भलमुड़ी के विभिन्न खसरों के रकवा 39.515 हे. राजस्व वनभूमि कुल 354.258 हे. वनभूमि में झिरिया वेस्ट ओपन कास्ट पद्धति से कोयला उत्खनन के वनभूमि के व्यपवर्तन के विरुद्ध प्रस्तावित 16 पैच की वनीकरण योजना में से 05 योजना में भारत सरकार द्वारा प्री प्लांटेशन दर्शित होना बताया गया है। ये 05 योजना में से 04 पैच वन मण्डल अनूपपुर की एवं 01 पैच दक्षिण वन मण्डल शहडोल की शामिल है।

श्री ए.के. सिन्हा (Dy. D.G. Forest) भोपाल रीजन द्वारा अनूपपुर वन मण्डल की 04 पैच की वनीकरण योजना का संयुक्त रूप से मौका स्थल निरीक्षण दिनांक 08.12.2022 को किया गया, मौका स्थल निरीक्षण अनुसार निम्नानुसार स्थिति पाई गई विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | परिक्षेत्र | कक्ष कमांक | वनीकरण हेतु प्रस्तावित रकवा (हे.में) | प्रस्तावित वनीकरण योजना का घेराव क्षेत्र (हे.) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिजुरी | RF-536 | 30 | 45 | उक्त वनीकरण योजना 30 हे. क्षेत्र में प्रस्तावित की गई है, उक्त प्रस्तावित वनीकरण योजना से लगे क्षेत्र में पूर्व में किए गए क्षेत्र उपचार कार्य में घने पुनरुत्पादन को लगभग 15 हे. घेराव क्षेत्र में शामिल किया गया है जिस कारण से प्रस्तावित वनीकरण योजना रकवा 30 हे. एवं अतिरिक्त रकवा 15 हे. कुल 45 हे. घेराव क्षेत्र प्रस्तावित है। प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र में सेटेलाइट इमेजरी में दर्शित पैचेस प्री प्लांटेशन न होकर पूर्व में बनाए गए मृदा संरक्षण हेतु कंटूर ट्रेंच दर्शित करता है, जिसका जियो टैग फोटो संलग्न है। उक्त वनीकरण हेतु प्रस्तावित स्थल पर विगत 5 वर्षों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं कराया गया है। (पुनरीक्षित वनीकरण योजना संलग्न है)। |
| 2 | बिजुरी | PF-562 | 50 | 60 | प्रस्तावित 50 हे. क्षेत्र की वनीकरण योजना में लगभग 10 हे. क्षेत्र में अलग–अलग चट्टानी पैचेस एवं बांस भिर्रे होने के कारण 60 हे. क्षेत्र का घेराव प्रस्तावित किया गया है। एवं 50 हे. क्षेत्र में वनीकरण योजना प्रस्तावित है। प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र में सेटेलाइट इमेजरी में दर्शित आपत्ति प्री प्लांटेशन न होकर पूर्व कार्य आयोजना का क्रियान्वयन एवं उपचार क्षेत्र में बनाए गए मृदा संरक्षण हेतु कंटूर ट्रेंच दर्शित करता है, जिसका जियो टैग फोटो संलग्न है। उक्त वनीकरण हेतु प्रस्तावित स्थल पर विगत 5 वर्षों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं कराया गया है। |
| 3 | बिजुरी | PF-566 | 50 | 55 | प्रस्तावित 50 हे. वनीकरण योजना में 5 हे. भूमि वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त नहीं होने के कारण 55 हे. क्षेत्र में घेराव प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र में सेटेलाइट इमेजरी में दर्शित पैचेस प्री प्लांटेशन न होकर पूर्व |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | में बनाए गए मृदा संरक्षण हेतु कंटूर ट्रेंच दर्शित करता है, जिसका जियो टैग फोटो संलग्न है। उक्त वनीकरण हेतु प्रस्तावित स्थल पर विगत 5 वर्षों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं कराया गया है। |
| 4 | कोतमा | PF-430 | 50 | 84 | प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र में सेटेलाइट इमेजरी में दर्शित पैचेस प्री प्लांटेशन न होकर पूर्व में बनाए गए मृदा संरक्षण हेतु कंटूर ट्रेंच दर्शित करता है, जिसका जियो टैग फोटो संलग्न है। उक्त वनीकरण हेतु प्रस्तावित स्थल पर विगत 5 वर्षों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं कराया गया है। (पुनरीक्षित वनीकरण योजना संलग्न है)। |
| 5 | जैतहरी (वन मण्डल दक्षिण शहडोल) | RF 859 | 50 | 64 | वन मण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल के प्रतिवेदन अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र में 50 हे. की वनीकरण योजना एवं 14 हे. पूर्व में किये गए सागौन के पौधों का रोपण एवं चट्टानी तथा पथरीली भूमि होने के कारण अतिरिक्त घेराव शामिल किया गया है। प्रस्तावित वृक्षारोपण क्षेत्र में सेटेलाइट इमेजरी में दर्शित प्री प्लांटेशन न होकर पूर्व में कराये गए 14 हे. सागौन प्लांटेशन दर्शित करता है। उक्त प्रस्तावित 50 हे. वनीकरण योजना हेतु प्रस्तावित स्थल पर विगत 05 वर्षों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं कराया गया है। |

टीप :– भारत सरकार के पत्र दिनांक 03.11.2022 के बिन्दु क्रमांक 02 के अनुसार 710 हे. वनीकरण योजना के एवज में 767 हे. दर्शित होना पाया गया है, के संदर्भ में लेख है कि वर्तमान में 710 हे. वनीकरण योजना के एवज में 809 हे. क्षेत्र शामिल है। जिसका मुख्य कारण प्रस्तावित स्थल में चट्टानी/पथरीला क्षेत्र, पूर्व में पौधा रोपण एवं कक्ष के स्वरूप में बनाये रखे जाने हेतु 99 हे. अतिरिक्त घेराव क्षेत्र को वनीकरण योजना में शामिल किया गया है।

संलग्न :–

1. उपरोक्तानुसार वनीकरण योजना 02 प्रतियों में।
2. जियो टैग फोटो।
3. एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र से प्राप्त बिन्दु क्र. 01 व 03 का प्रतिवेदन।

**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल अनूपपुर

पृ.क्रमांक/मा.चि./2023/ अनूपपुर, दिनांक

प्रतिलिपि :–

1– मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

2– महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. हसदेव क्षेत्र की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल अनूपपुर